कोटद्वार, सोमवार
29 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 95 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

नौ सेना के रिटायर लेफ्टिनेंट की ऑटो की टक्कर से मौत

देहरादून। नौ सेना के रिटायर लेफ्टिनेंट की ऑटो की टक्कर से मौत हो गई। उनके बेटे वायु सना के स्क्वाड्रन लीडर ने मामले में ऑटो चालक के खिलाफ प्रेमनगर थाने में केस दर्ज कराया है।नौ सेना से बतौर ऑनरेरी लेफ्टिनेंट रिटायर हुए विक्रम सिंह रावत झाझरा में जलवायु टावर सोसाइटी में रहते थे। बीते 22 जुलाई को शाम को वह सोसाइटी से बाहर घूमने निकले। इस दौरान एक ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी। विक्रम सिंह को उपचार के लिए धूलकोट स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। विक्रम सिंह रावत के बेटे वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर मनमोहन सिंह रावत ने हादसे को लेकर झाझरा चौकी में तहरीर दी। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि हादसे को लेकर पंजीकरण नंबर के आधार पर ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

होटल में फांसी पर लटका मिला स्पा सेंटर कर्मचारी

देहरादून। स्पा सेंटर में काम करने वाले युवक का शव रविवार सुबह सहस्त्रधारा रोड स्थित होटल में लटका मिला। मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है। एसओ राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि रविवार सुबह कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली। बताया गया कि सहस्त्रधारा रोड स्थित होटल हेरिटेज में एक युवक ने फांसी लगा ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। होटल के कमरे में पंखे के सहारे फंदा बनाकर सावन कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी चुक्खुवाला लटका मिला। फंदे ने नीचे उतारकर कोरोनेशन अस्पताल भिजवाया। वहां डाक्टरों ने सावन को मृत घोषित किया। जानकारी के मुताबिक सावन शनिवार को अपने दोस्तों के साथ सहस्त्रधारा घूमने गया था। रात को वहां से लौटकर होटल हेरिटेज में रुका। सावन कैनाल रोड स्थित स्पा सेंटर में काम करता था।

मंगलौर में एक खाली प्लॉट से युवक का शव बरामद

रुड़की। नगर के बीचों–बीच स्थित मोहल्ला लालबाड़ा मित्तल मार्केट के निकट एक खाली प्लॉट पड़ा हुआ है। रविवार को जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो वहां से दुर्गंध आ रही थी। किसी जानवर का शव प्लॉट में पड़े होने की आशंका में दुकानदार मौके पर पहुंचे और देखा की वहां किसी व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर शहर चौकी प्रभारी नवीन नेगी अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को झाड़ियां से निकालकर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि शव करीब 28 वर्षीय युवक का है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह नशे की हालत में इधर आया और उसकी मृत्यु हो गई। कुछ लोगों ने हत्या कर शव को झाड़ियां में फेंकने की आशंका भी जताई है। इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा का कहना है कि फिलहाल शव को मोर्चरी भिजवा दिया गया है। उसके फोटो और हुलिया पुलिस कंट्रोल रूम, आसपास के सभी थानों को भेज दिया गया है ताकि शिनाख्त हो सके जो भी आवश्यक कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

बेसमेंट में मौत मामला, दिल्ली पुलिस ने की मृतकों की पहचान

नई दिल्ली, दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में जलभराव के कारण जान गंवाने वाले तीनों छात्रों की पहचान हो गई है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतकों के नाम श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डालविन हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्रेया यादव यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। जबकि तान्या सोनी तेलंगाना और नेविन डालविन केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले थे।

सेंट्रल दिल्ली के डीसीपी एम. हर्षवर्धन ने घटना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, शनिवार शाम को इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में पानी भरे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। कई घंटों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद राजेंद्र नगर में स्थित इंस्टीट्यूट के बेसमेंट से तीन छात्रों के शवों को बरामद किया गया। उनकी पहचान कर ली गई है और मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

मानस ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में एक बहुत बड़ा कदम है: प्रधानमंत्री मोदी

नईदिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि हर परिवार कि यह चिंता होती है कि कहीं उनका बच्चा ड्रग्स की चपेट में न आ जाए। अब ऐसे लोगों की मदद के लिए सरकार ने एक विशेष केंद्र खोला है जिसका नाम है मानस। ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में यह बहुत बड़ा कदम है। कुछ दिन पहले ही मानस की हेल्पलाइन और पोर्टल को लांच किया गया है। सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। इस पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति जरूरी सलाह ले सकता है। अगर किसी के पास ड्रग्स से जुड़ी कोई दूसरी जानकारी है तो वे इसी नंबर पर कॉल करके नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ यह सूचना साझा भी कर सकते हैं। यहां हर जानकारी गोपनीय रखी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ड्रग्स फ्री बनाने में जुटे सभी लोगों से, सभी परिवारों से, सभी संस्थाओं से मेरा आग्रह है कि मानस हेल्पलाइन का भरपूर उपयोग करें। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान टाइगर डे का भी जिक्र किया। 29 जुलाई को टाइगर डे मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तो बाघ हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। हम सब बाघों से जुड़े किस्से कहानियां सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गांव के



लोगों को पता होता है कि बाघों के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। उन्होंने कहा, हमारे देश में ऐसे कई गांव हैं जहां इंसानों और बाघों के बीच टकराव की स्थिति नहीं आती। लेकिन जहां ऐसी स्थिति आती है वहां भी बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जन भागीदारी का ऐसा ही प्रयास है कुल्हाड़ी बंद पंचायत। राजस्थान के रणथंभौर से शुरू हुआ कुल्हाड़ी बंद पंचायत, अभियान बहुत दिलचस्प रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं कटेंगे। इस एक फैसले से यहां के जंगल एक बार फिर से हरे भरे हो रहे हैं जो बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र का ताडोबा अंधारी टाइगर रिजर्व बाघों के प्रमुख बसेरों में से एक है। यहां के स्थानीय समुदायों ने इको टूरिज्म की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने जंगल पर अपनी निर्भरता को कम किया है ताकि यहां बाघों की गतिविधियां बढ़ सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश के चेंचू जनजाति के प्रयास भी हैरान कर देंगे। उन्होंने जंगल में वन्य जीवों के मूवमेंट की हर जानकारी एकत्र की है। इसके साथ ही वे इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की निगरानी भी करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बाघ मित्र कार्यक्रम भी काफी चर्चा में है। इसके तहत स्थानीय लोगों को बाघ मित्र के रूप में काम करने की ट्रेनिंग दी जाती है। यह बाघ मित्र इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि बाघों और इंसानों के बीच टकराव की स्थिति न बने।

आईएएस कोचिंग में 3 बच्चे डूब के मरे! सडक़ पर उतरे छात्र, दो गिरफ्तार

नईदिल्ली,नई दिल्ली में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में भारी बारिश के बाद भरे पानी में डूबने से तीन छात्रों की मौत हो गई है. इस मामले में दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज किया है. वहीं दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है. एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग द्वारा बचाव अभियान के दौरान घटनास्थल से एक छात्रा का शव बरामद किया गया है. हालांकि, दो छात्रों का शव अभी भी लापता हैं. दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, शाम करीब 7 बजे ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राव आईएएस स्टडी सेंटर से उन्हें जलभराव की शिकायत का फोन आया. जिसके बाद टीम फौरन मौके पर पहुंची और बचाव और राहत कार्य शुरू किया. दिल्ली की मंत्री आतिशी का कहना है कि, अग्निशमन विभाग और एनडीआरएफ की एक टीम घटनास्थल पर मौजूद है. आतिशी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि, वह घटना पर पल–पल की अपडेट ले रही हैं. यह घटना कैसे हुई इसकी जांच के लिए मजिस्ट्रेट को आदेश दे दिया गया है.

मद्महेश्वर की यात्रा थमी, रास्ते पर सन्नाटा पसरा

रुद्रप्रयाग। पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर की यात्रा बनतोली में पुल ध्वस्त होने के कारण बंद है। यहां शनिवार को पूरे पैदल मार्ग में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि मार्ग में कारोबार कर रहे स्थानीय व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। हालांकि जल स्तर कम होने के बाद लोनिवि ऊखीमठ यहां फिलहाल अस्थाई पुल निर्माण की कार्यवाही शुरू करेगा। मद्महेश्वर पैदल मार्ग में गौंडार के पास बनतोली में भारी बारिश के चलते मार्कंडेय नदी पर बना पुल नदी के बहाव में बह गया था जिसके बाद मद्महेश्वर की यात्रा ठप हो गई है। इस मार्ग पर बीते दिन से सन्नाटा पसरा है। पैदल मार्ग में बनतोली, नानू, खटारा, मैखम्बा, कोनचट्टी और मद्महेश्वर में रह रहे लोगों के अलावा यहां कोई भी आवाजाही नहीं कर पा रहा है जिससे पैदल मार्ग पर वीरानी छा गई है।

हालांकि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण लगातार बनतोली में स्थाई पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। इधर, नदी का जल स्तर कम होने के बाद ही लोनिवि अस्थाई पुल निर्माण की दिशा में कार्यवाही करेगा।

दिल्ली की मेयर ने एमसीडी कमिश्नर को दिए निर्देश

–कोचिंग सेंटरों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

नई दिल्ली, शहर के ओल्ड राजेंद्र नगर में शनिवार की देर रात एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं अब इस हादसे के बाद रविवार को स्थानीय लोग और छात्रों के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ दिल्ली के मेयर शैली ओबरॉय ने भी मामले की जांच की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने एमसीडी के कमिश्नर को इस तरह के सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ जो लापरवाही बरत रहे हैं सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने भी मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल, ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में हुए हादसे के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि इस हादसे के लिए एमसीडी का कोई अधिकारी जिम्मेदार हैं या नहीं, इसकी तत्काल जांच कराई जाएगी। यदि कोई अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने

एक लेटर जारी कर एमसीडी के कमिश्नर को निर्देश दिया है कि दिल्ली भर में ऐसे सभी कोचिंग सेंटर जो एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में हैं और बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां चला रहे हैं, जो भवन उपनियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस हादसे के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, दिल्ली में शाम को हुई भारी बारिश के कारण एक दुर्घटना की खबर है।

असम की युवती की दिल्ली में हत्या

नईदिल्ली,दिल्ली के द्वारका में शनिवार को एक 21 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। महिला जिम ट्रेनर थी। उसके घर पर एक युवक ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। यह घटना शनिवार शाम सेक्टर– 23 के पोचनपुर इलाके में हुई। ये हत्या उसके एक जानकार युवक ने की, जिसे पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट के दौरान आरोपी को भी चोटें लगी है। उसे पुलिस ने हिरासत में लेकर पास के अस्पताल में भर्ती कराया है।

एक पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि असम के छिबिला बछिया सिलचर की मूल निवासी स्नेहा नाथ चौधरी और आरोपी राज एक–दूसरे को जानते थे। उनके बीच हाल ही में कुछ विवाद हुआ था। शनिवार शाम आरोपी उसके घर पहुंचा और उस पर चाकू से हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला के साथ हाथापाई के दौरान राज के हाथ पर भी चोट लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने चौधरी को बेहोशी की हालत में फर्श पर पड़ा पाया। पुलिस ने कहा कि राज को भी घायल हालत में मौके से पकड़ लिया गया।

भाजपा के मुख्यमंत्रियों की बैठक खत्म

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने पर फोकस; पीएम मोदी ने दिया सफलता का मंत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री परिषद को संबोधित किया। भाजपा मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय मुख्यमंत्री परिषद की बैठक रविवार को संपन्न हो गई है। इसमें भाजपा शासित राज्यों के 13 मुख्यमंत्रियों और 15 उपमुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अगर केंद्र और राज्य सरकारें जन कल्याण के लिए समन्वित प्रयासों के साथ काम करें तो सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगी।

पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर फोकस

पीएम मोदी ने कहा कि विरासत का संरक्षण और विकास की विरासत का निर्माण विकसित भारत की अवधारणा के लिए महत्वपूर्ण है। सभी को इस ओर ध्यान देते रहना चाहिए। पीएम ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों, विकास कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने और लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म

का इस्तेमाल करने पर चर्चा की।

बैठक से मिलती हैं तीन उपलब्धियां

बैठक के पहले दिन यानी शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि इन बैठकों के माध्यम से हमें तीन विशिष्ट उपलब्धियां मिलती हैं। सबसे पहले हमें अपने सफल प्रधानमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेताओं के विशाल अनुभव का लाभ मिलता है। दूसरा हमें अपने अनुभवों का आदान–प्रदान करने और कुछ नई जानकारी व नए आकलन प्राप्त करने का मौका मिलता है। तीसरा यह कि कुछ बेहतर करने की हमारी इच्छा मजबूत होती है।

इन योजनाओं का हुआ जिक्र

बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में राज्य सरकारों की भूमिका पर चर्चा की। कई राज्यों की चुनिंदा योजनाओं का भी जिक्र किया गया। उत्तर प्रदेश की ग्रामीण सचिवालय योजना, असम सरकार द्वारा सरकारी रिक्तियों पर शीघ्र भर्ती के लिए चलाया गया विशेष अभियान, गुजरात द्वारा सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास, त्रिपुरा का 'अमर सरकार' कार्यक्रम और बिहार सरकार द्वारा अवैध खनन को रोकने के प्रयास का उल्लेख किया गया। महाराष्ट्र और हरियाणा की कुछ विशेष परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बैठक

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मुख्यमंत्री परिषद की बैठक हुई। इसे भाजपा के आत्ममंथन के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में नुकसान का सामना करना पड़ा था। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

कांवड़ यात्रा के नाम पर हुड़दंग मचाने वालों पर कार्रवाई

● बिना साइलेंसर लगी 15 बाइकें सीज

देहरादून। कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु हरिद्वार के बजाए शहर व मसूरी की तरफ न निकले, इसको लेकर पुलिस की ओर से जगह–जगह पहरा बैठा दिया है। दून बिजनेस पार्क निकट आइएसबीटी से लेकर जीएमएस रोड तक जगह–जगह बैरिगेट लगाकर शहर व मसूरी की तरफ जाने वाले कांवड़ियों को वापस हरिद्वार बाइपास की तरफ भेजा जा रहा है।

वहीं कांवड़ यात्रा के नाम पर हुड़दंग मचाने वालों पर भी दून पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस ने बिना साइलेंसर लगी 15 वाहनों को सीज किया। उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश से जल भरने के लिए

हरिद्वार जाने वाले कांवड़ यात्री कई बार देहरादून शहर के अंदर व मसूरी की तरफ घुस रहे हैं। कुछ दिन पूर्व मसूरी जाने से रोकने पर कुछ कांवड़यात्रियों ने कोल्हूखेत पर जाम भी लगा दिया था।

इस घटना से सबक लेते हुए पुलिस की ओर से दिन रात बैरिगेट लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। एक बैरिगेट आइएसबीटी से पहले फ्लाईओवर शुरू होते ही लगाया गया है, ताकि कोई भी कांवड यात्री फ्लाईओवर पर न चढ़े। इसके बाद दूसरा बैरिगेट शिमला बाइपास चौक लगाया गया है ताकि यदि कोई कांवड़ यात्री फ्लाईओवर चढ़ जाए तो उसे आइएसबीटी चौक से वापस किया जाए। इसके बाद तीसरा बैरिगेट कमला पैलेस चौक पर और इससे आगे कैंट चौक और कुठाल गेट पर लगाया है।

नांगलोई में डीटीसी क्लस्टर बस में बम की सूचना पर मचा हडक़ंप

नई दिल्ली,दिल्ली के नांगलोई में डीटीसी क्लस्टर बस में बम की सूचना पर हडक़ंप मच गया, जिसके बाद आनन–फानन में बॉम्ब डिस्पोजल स्कॉड को बुलाया गया। दरअसल सूचना में कहा गया था कि नरेला से नांगलोई चलने वाली रूट नंबर 961 क्लस्टर बस में एक बैग बरामद हुआ है, जिसमे टाइमर बम जैसा दिखने वाला कुछ संदिग्ध सामान मिला है। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने दमकल और बॉम्ब स्कॉड को मौके पर बुलाया गया और बॉम्ब स्कॉड की टीम ने संदिग्ध दिखने वाले टाइमर बैग की जांच की। हालांकि बाद में दिल्ली पुलिस ने कहा कि ये विस्फोटक नहीं है। बॉम्ब डिस्पोजल स्कॉड ने भी किसी विस्फोटक की पुष्टि नहीं की है। बस में कुछ भी विस्फोटक नहीं मिला है। बीती रात ये खबर सामने आई कि बस नंबर डीएल 1पीडी 0736 रूट 961, नजफगढ़ से नरेला जाने वाली क्लस्टर बस में संदिग्ध सामान मिला है।

गैर जवाबदेही की कीमत आम नागरिक जीवन गंवा कर चुका रहा है

–कोचिंग हादसे पर बोले राहुल गांधी

नईदिल्ली,दिल्ली कोचिंग हादसे पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दुख जताते हुए कहा कि ये इन्फ्रास्ट्रक्चर का कोलैप्स, सिस्टम की संयुक्त असफलता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है। राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे लिखा,

इन्फ्रास्ट्रक्चर का ये कोलैप्स सिस्टम की संयुक्त असफलता है। असुरक्षित निर्माण, लचर टाऊन प्लानिंग और हर स्तर पर संस्थाओं की गैर जवाबदेही की कीमत आम नागरिक अपना जीवन गंवा कर चुका रहा है। सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन हर नागरिक का अधिकार और सरकारों का दायित्व है। बता दें कि राजधानी दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से 3 छात्रों की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने इस हादसे में जान गंवाने वाले छात्रों की पहचान कर ली है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, श्रेया यादव यूपी के अंबेडकरनगर की रहने वाली थी। जबकि तान्या सोनी तेलंगाना और नेविन डालविन केरल के एर्नाकुलम के रहने वाले थे। इस बीच राजेंद्र नगर के छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर कोचिंग इंस्टीट्यूट और एमसीडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इसमें लिखा है, पिछले दो दिनों में ओल्ड राजेंद्र नगर और पटेल नगर में बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। कोचिंग संस्थान और एमसीडी अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही के कारण कुछ छात्रों की मृत्यु हुई है। छात्रों की मांग है कि घटना से संबंधित सभी दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

पीएम मोदी ने की पदक विजेता मनु भाकर से फोन पर बात

नई दिल्ली,भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीत लिया। उनकी ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन कर बधाई दी। वहीं, मनु ने भी उनका आभार जताया।

पीएम मोदी ने पहले मनु को ट्वीट कर बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर लिखा, "एक ऐतिहासिक पदक। बहुत बढ़िया, मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में भारत का पहला पदक जीतने के लिए। कांस्य पदक के लिए बधाई। यह सफलता और भी खास है क्योंकि वह भारत के लिए निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। यह एक अविश्वसनीय उपलब्धि है।"

इसके जवाब में मनु ने लिखा, "माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आपके आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। मैं सरकार को सभी समर्थन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। इसका बहुत मतलब है।"

इसके बाद पीएम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता मनु भाकर को फोन पर बधाई दी। इसका वीडियो भी सामने आया है। दोनों के बीच एक लंबी बातचीत हुई। पीएम से बात के बाद निशानेबाज ने बताया कि मुझे बहुत अच्छा लगा कि "उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकाला। हमारी लंबी बातचीत हुई। उन्होंने मुझे बधाई दी। मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है।"

महाराष्ट्र, पंजाब, तेलंगाना, राजस्थान समेत कई राज्यों के राज्यपाल बदले

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, झारखंड समेत कई राज्यों के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल की नई नियुक्ति की है।

राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। उनकी जगह गुलाब चंद कटारिया को नियुक्त किया गया है जो फिलहाल असम के राज्यपाल हैं। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य अब असम के नये राज्यपाल होंगे। उन्हें मणिपुर का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। सी.पी. राधाकृष्णन महाराष्ट्र के नये राज्यपाल होंगे। वह फिलहाल झारखंड के राज्यपाल हैं। उनके पास तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार भी है। संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का और जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

अमरनाथ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ा

जम्मू ,29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। अमरनाथ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पिछले 29 दिनों में 4.51 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ यात्रा की है।

श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि 29 जून को शुरू हुई इस यात्रा के बाद से पिछले 29 दिनों में 4.51 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं, जिससे पिछले साल की यात्रा का रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले वर्ष पूरी यात्रा अवधि के दौरान 4.45 लाख श्रद्धालुओं ने गुफा मंदिर के दर्शन किए थे। शनिवार को लगभग 8 हजार तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए हैं, जबकि रविवार को 1,677 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, 29 जून को यात्रा शुरू होने के बाद से घाटी जाने वाले तीर्थयात्रियों की यह सबसे छोटी संख्या है। इनमें से 408 यात्री सुबह 3.35 बजे 24 वाहनों के काफिले में सवार होकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। 1,269 यात्रियों का दूसरा काफिला 43 वाहनों में सवार होकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।

संपादकीय

चिन्हित हो उदंड कांवड़िए

इस बार कांवड़ यात्रा के दौरान यूपी से लेकर उत्तराखंड तक तोड़फोड़,उत्पात और मारपीट की जो तस्वीर आ रही है वह श्रद्धा के इस व्यवहार में सवाल खड़े करती है। तोड़फोड़ करने वाले यह तथाकथित भक्त हैं जो खुद को भोले कहते हैं, भोले शंकर की आराधना करते हैं। इन्हें ना तो कोई रोकने वाला है और ना इन पर किसी का बस है। क्या भोले होने का मतलब अपनी कांवड़ यात्रा पर निकलने के दौरान यह हंगामा है। जो हंगामा होता है उसमें किसी को कुछ ना समझना, कायदे कानून को ताक पर रखना और छोटी–छोटी बातों पर भी मवालियों की तरह टूट पड़ना। झुंड और उन्माद में होटल में तोड़फोड़ कर दो, किसी गरीब व्यक्ति का वाहन क्षतिग्रस्त कर दो या फिर लोगों को वाहन से नीचे उतारकर उनके वाहनों को बुरी तरह से तोड़फोड़ कर बर्बाद कर दो। आखिर यह कैसे भोले भक्त हैं जिनके सब्र का पैमाना एक क्षण भी नहीं ठहरता। सारी ताकत भीड़ और झुंड की है अन्यथा प्रशासन चाहे तो तोड़फोड़ करने वाले वालों के चेहरे चिन्हित कर उन्हें आसानी से गिरफ्तार किया जा सकता है। कावड़ यात्रा के दौरान इस प्रकार की घटनाओं को यात्रा संपन्न होने के बाद भुला दिया जाता है। इस घटना का शिकार बनने वाले लोग धर्म के नाम पर एक कड़वे अनुभव का स्वाद कभी नहीं भूलते। कहीं ना कहीं राज्य सरकार और जिला प्रशासन भी पचड़े में नहीं पड़ना चाहती और इन घटनाओं को राजनीति की दृष्टि से नजरअंदाज कर ही अपनी खैर समझती है। तो क्या धर्म और भीड़ के नाम पर यह सब बेखौफ कानून की धज्जियां उड़ाते हुए चलता रहेगा? जिस तरह सरकार कौड़ियों की सुरक्षा और यात्रा प्रबंधन के लिए एडवाइजरी जारी करती है ठीक उसी प्रकार उद्दंड कांवड़ियों के लिए भी किसी भी प्रकार की हिंसा करने पर सख्त कार्रवाई करने की एडवाइजरी जारी क्यों नहीं की जाती? यही नहीं जब तोड़फोड़ करने वाले कांवड़ियों के चेहरे स्पष्ट नजर आते हैं तो फिर क्या यात्रा के बाद उन पर कार्रवाई करने की हिम्मत तक सरकार नहीं जुटा पाती? जब तक कांवड़ यात्रा की आड़ में हंगामा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तब तक उन्हें ना तो किसी बात का भय रहेगा और ना ही वे अपनी इन हरकतों से बाज आने वाले हैं। यात्रा के दौरान दुकानों पर दुकान स्वामी का चिन्हीकरण का काम किया जा सकता है तो यात्रा के बाद हिंसा फैलाने वालों का चिन्हीकरण आखिर क्यों संभव नहीं है?

प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता

लोकेन्द्र पाराशर

मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है।

आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त–रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव' के रूप में ही देखा।मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा 'मुझे जानते हो'' मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई–लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। 'मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले।''

> **समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी।**

समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश' में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं।

कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। आज भी स्वदेश की बात आए तो प्रभात जी की बात होती है। भाजपा कार्यालय में आज भी उनके उल्लेख के बिना राजनैतिक कौशल पर चर्चा पूरी नहीं हो पाती है। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे।

प्रभात जी हमारे बीच देह से भले नहीं हैं, लेकिन उनके प्राण तत्व की प्रतिष्ठा ऐसी है कि वह पग–पग पर परामर्श देती रहेगी। उनके व्यक्तित्व के पीछे केवल और केवल उनकी वैचारिक स्पष्टता और उस पर चलने की बेजोड़ कर्मठता थी। शब्दों की मर्यादाएं ऐसी हैं कि वह प्रभात जी के कृतित्व को समेट ही नहीं सकती। आज हमने अपना नक्षत्र खोया तो है, लेकिन केवल शरीर से खोया है, उनका शरीर निसंदेह अधिक परिश्रम की भेंट चढ़ा है। वरना इतनी जल्दी जाते ही नहीं। प्रभात जी हमें जो देकर गए हैं वह प्रेरणा अविनाशी है। उन्होने जो दिया है, उसके लिए असंख्य कार्यकर्ता अनंत काल तक कृतज्ञ रहेंगे। क्योंकि प्रभात' का कभी सूर्यास्त' नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री के लिए चिंचित उपराज्यपाल

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नसीहत दी है कि उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और डॉक्टर द्वारा परामर्शित दवा की खुराक समय से लेते रहना चाहिए। केजरीवाल के गिरते वजन से चिंचित उपराज्यपाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जानबूझकर उन्हें दी जाने वाली चिकित्सकीय खुराक और दवाइयां नहीं ले रहे हैं। उपराज्यपाल ने इस बाबत मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखा है, जिसमें केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे जेल अधीक्षक की रपट का हवाला दिया है। आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री के जानबूझकर कम कैलॉरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं, जबकि उन्हें घर का बना खाना पर्याप्त मात्रा में मिल रहा है। जेल अधिकारियों को सुझाव देते हुए उपराज्यपाल ने कहा है कि वे मुख्यमंत्री को निर्धारित आहार के अलावा दवा और इंसुलिन की तय खुराक लेने की सलाह दे सकते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री 'टाइफ–2' मधुमेह से पीड़ित हैं। दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी और उसकी अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर जेल में बंद मुख्यमंत्री केजरीवाल के स्वास्थ्य को स्थायी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दावा किया है कि आप प्रमुख का वजन कम हो गया है तथा उनके रक्त में शर्करा स्तर में गिरावट आई है। यह भी अंदेशा जताया है कि केजरीवाल कोमा में जा सकते हैं और उनके मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंच सकता है। आप ने उपराज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल को नसीहत देने वाले पत्र लिखे जाने पर निशाना साधा है। पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने 'एक्स' पर लिखा है, 'यह कैसा मजाक है एलजी सर? क्या कोई व्यक्ति रात में अपना शुगर लेवल कम कर सकता है? जो बहुत खतरनाक है। एलजी सर, आपको बीमारी के बारे में नहीं पता है तो आपको ऐसा पत्र नहीं लिखना चाहिए।' बहरहाल, महत्त्वपूर्ण यह बात है कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। चाहे आपके बीच कितने भी राजनीतिक मतभेद हों या भले ही आप कितने ही कड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी ही क्यों न हों। हम देख रहे हैं कि आप और भाजपा के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता कटुता की हद तक बढ़ चुकी है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि कटुता के चलते स्वास्थ्य को दांव पर लगाना कतई विवेकपूर्ण नहीं।

प्रभात जी लाखों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक, उनकी स्मृतियां हमेशा महसूस होगी

डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

26 जुलाई 2024 के दिन जब पूरा भारत कारगिल विजय दिवस के गौरव पूर्ण इतिहास को याद कर रहा था, ऐसे मैं जब मुझे यह खबर मिली कि मुझ जैसे अनेक कार्यकर्ता के मार्गदर्शक और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रभात जी का देहावसान हो गया है, तो यकायक मुझे विश्वास ही नहीं हुआ। किंतु नियति को कौन अनसुना और अनदेखा कर सकता है।

अंततः यह भरोसा करना पड़ गया कि अब भाईसाहब प्रभात जी सशरीर हमारे बीच नहीं रह गए। आज के बाद उनकी स्मृतियों को केवल अंतर्मन की गहराइयों से ही महसूस किया जा सकेगा। आदरणीय प्रभात जी भाईसाहब का निधन मेरे लिए तो व्यक्तिगत क्षति ही है। क्योंकि ऐसे अनेक अवसर आए जब मुझे किसी सहारे की आवश्यकता हुई, तो कभी उनसे कहना नहीं पड़ा। बल्कि जैसे ही उन्हें ये खबर लगी कि राघवेंद्र को मेरी सहायता की आवश्यकता है, तो वे स्वयं चलकर आए और मेरे लक्ष्य के बीच आने वाली जो भी बाधाएं और परेशानियां थीं ,उनका समूल शमन किया। एक प्रसंग मुझे आज भी याद है, जब मेरा ड्राइविंग लाइसेंस बनना था और मुझे आवेदन में अपना पता लिखना था। तब मेरा ऐसा कोई स्थाई ठौर ठिकाना नहीं था, जो विधिवत रूप से उक्त आवेदन में लिखा जा सके । तब प्रभात भाईसाहब खुद मुझे लेकर आरटीओ ऑफिस पहुंचे। उक्त फार्म में केयर ऑफ करके अपने निवास का पता लिखते हुए कहा कि मेरा ठौर ठिकाना होते हुए भी राघवेंद्र को अपना पता लिखने के लिए इतना सोचना पड़े तो फिर मैं खुद को अप्रासंगिक ही पाता हूं। आज जब वह प्रसंग याद आता है तो आंखें नम हो जाती हैं और महसूस होता है कि प्रभात भाईसाहब के रूप में मानो मेरे से एक ऐसी भावना प्रद छत हट गई, स्थाई संरक्षण मुझे सदैव मिलता रहा है। मेरा अनुभव है कि मेरे प्रति प्रभात भाईसाहब की जो सद्भावनाएं रहीं वह उनके लिए विशेष ना होकर उनका केवल सहज स्वभाव ही था। क्योंकि मैंने देखा भी और सुना भी, प्रभात भाईसाहब किसी को भी परेशानी में देखते और यह पाते कि वह संबंधित व्यक्ति की परेशानियों का शमन कर सकते हैं तो वे ऐसा अवश्य करते थे। उनके इसी सहज सुलभ पारस्परिक सहयोग के व्यवहार ने उन्हें मध्य प्रदेश के एक प्रख्यात नेता के रुप में स्थापित कर दिया। वरना कौन नहीं जानता कि प्रभात भाई साहब मूलतः बिहार के निवासी थे, और उच्च शिक्षा के लिए उनका मध्य प्रदेश के ग्वालियर महानगर में आगमन हुआ था। तब संघ के प्रयासों से उन्हें वहां के मुखर्जी भवन में ठहराया गया, जिसे हम ग्वालियर के भाजपा कार्यालय के रूप में पहचानते हैं। पढने् लिखने का शौक उन्हें ग्वालियर के जयेंद्र गंज क्षेत्र में स्थित स्वदेश कार्यालय तक ले आया। और फिर लंबे समय तक स्वदेश और प्रभात जी एक दूसरे के पर्याय बने रहे। अनेक वरिष्ठ पत्रकार साथी बताते हैं कि जब जब प्रभात भाईसाहब के लेख स्वदेश की फ्लैश स्टोरी हुआ करते थे तब तब उक्त प्रख्यात समाचार पत्र का प्रिंट आर्डर बढ़ता दिखाई देता था। देश और प्रदेश के विकास को समर्पित उनके लेखों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी प्रभावित किया। फलस्वरुप वे मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संवाद प्रमुख बनाए गए। उनके कार्यकाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को उनकी ओर से बेहद आत्मीयता का व्यवहार मिला और प्रोत्साहन भी। इससे प्रभात भाईसाहब का कद और उनका संपर्क दिनों दिन व्यापक होता चला गया। इस प्रभाव को देखते हुए भाजपा ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताते हुए उनके हाथों में मध्य प्रदेश के संगठन की कमान सौंप दी और वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत हुए। उन्होंने अपने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में अनेक ऐसे जोखिम पूर्ण निर्णय लिये जो पार्टी के लिए नवाचार भी थे और लाभदायक भी। नतीजतन उनके कार्यकाल में भाजपा को नई उंचाइयां मिली और संगठन का व्यापक विस्तार भी हुआ। प्रभात जी स्वभाव से बेहद उत्कृष्ट श्रेणी के लेखक, चिंतक और विचारक थे। अनेक व्यस्तताओं के बावजूद उनका लेखन अनवरत जारी रहा और अपने जीवन में उन्होंने अनेक साहित्यों की रचना की। उनकी इस योग्यता का प्रयोग संगठन ने अपने मुख पत्र कमल संदेश में भी किया। इस बीच विभिन्न माध्यमों से आप सुविधाओं की दृष्टि से बेहद पिछड़ी हुई बस्तियों में जनता जनार्दन के सेवा कार्यों में संलग्न बने रहे। उनके द्वारा किए जाने वाले जनहित के कार्यों को और व्यापकता मिले, इस दृष्टि से भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में चुनकर भेजा और प्रभात जीइस कसौटी पर भी खरे साबित हुए। यही वजह रही कि बाद में उन्हें भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद भी सौंपा गया। इस प्रकार अपनी तरुण अवस्था से लेकर जीवन पर्यंत प्रभात जी पत्रकारिता, साहित्य लेखन और भाजपा के माध्यम से जनसाधारण के सेवा कार्य को समर्पित बने रहे।

> **अंततः यह भरोसा करना पड़ गया कि अब भाईसाहब प्रभात जी सशरीर हमारे बीच नहीं रह गए। आज के बाद उनकी स्मृतियों को केवल अंतर्मन की गहराइयों से ही महसूस किया जा सकेगा। आदरणीय प्रभात जी भाईसाहब का निधन मेरे लिए तो व्यक्तिगत क्षति ही है। क्योंकि ऐसे अनेक अवसर आए जब मुझे किसी सहारे की आवश्यकता हुई, तो कभी उनसे कहना नहीं पड़ा। बल्कि जैसे ही उन्हें ये खबर लगी कि राघवेंद्र को मेरी सहायता की आवश्यकता है, तो वे स्वयं चलकर आए और मेरे लक्ष्य के बीच आने वाली जो भी बाधाएं और परेशानियां थीं ,उनका समूल शमन किया।**

जीवन के अधिकांश समय तक जिनके निवास का पता भाजपा कार्यालय ही रहा, ऐसे प्रभात जी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्हें गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भोर के ब्रह्म मुहूर्त में उन्होंने वैकुंठ लोक की ओर महाप्रयाण किया तो ऐसा लगा मानो भाजपा ही नहीं, वरन् मध्य प्रदेश की राजनीति में एक युग का अंत हो गया। एक नेता जो अपने से छोटे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की अपने परिवारजनों की तरह चिंता करता था, वह अब इस लोक के निवासी नहीं रहे। हमारे पूर्वज कहा करते थे कि अच्छे लोगों की भगवान को भी आवश्यकता होती है। मुझे लगता है, शायद इसीलिए उन्होंने हमारे प्रभात भाईसाहब को कुछ जल्दी ही इस लोक से अपने लोक के लिए बुला लिया। प्रभात भाईसाहब अपने कृतित्व, लेखन, जन हितेषी राजनीति, उत्कृष्ट पत्रकारिता में स्थापित मानदंडों और जनता जनार्दन की सेवा में किए गए सद्कार्यों के माध्यम से सदैव हमारे मन मस्तिष्क में बने रहेंगे।

4 जून 1957 को बिहार की पावन भूमि पर परम श्रद्धेय पिताश्री पनेश्वर जी और माताश्री अमरावती के आंगन में अवतरित हुए और फिर 26 जून 2024 को अनंत ब्रह्मांड में समाहित हो गए स्वर्गीय श्री प्रभात जी को शत–शत नमन।

अश्विन बाबू की फिल्म शिवम भजे का ट्रेलर रिलीज

फिल्म शिवम भजे का ट्रेलर रिलीज। शिवम भजे के ट्रेलर ने अश्विन बाबू की एक्शन से भरपूर थ्रिलर के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है।

हिडिम्बा की सफलता के बाद, अश्विन बाबू अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म शिवम भजे के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन अप्सर ने किया है। फिल्म ने पहले ही एक दिलचस्प टीजऱ और एक आकर्षक पहले सिंगल के साथ चर्चा बटोरी है, और अब, ट्रेलर जारी होने से उत्साह और बढ़ गया है।ट्रेलर की शुरुआत एक मनोरंजक दृश्य से होती है, जो भारत और चीन के बीच तनावपूर्ण गतिरोध के लिए मंच तैयार करता है। अश्विन बाबू, एक फार्मास्युटिकल कंपनी में काम करने वाले एक केमिकल इंजीनियर की भूमिका निभाते हैं, जो खुद को देश भर में कहर बरपाने वाले एक क्रूर खलनायक की पहचान उजागर करने के लिए एक खतरनाक मिशन में पाते हैं। ट्रेलर में खलनायक के इरादों और अश्विन के सामने आने वाले नाटक से जटिल संबंध को बेहतरीन तरीके से दिखाया गया है, जिससे दर्शक अपनी सीटों के किनारे पर बैठे रहते हैं और बड़े पर्दे पर रहस्य को उजागर करने के लिए उत्सुक रहते हैं। आकर्षक दृश्यों को एक उत्तेजक स्कोर द्वारा और भी बढ़ाया जाता है जो तीव्रता की एक अतिरिक्त परत जोड़ता है। शिवम भजे गंगा एंटरटेनमेंट द्वारा जीवंत किया गया एक सहयोगात्मक प्रयास है, जिसमें एक आकर्षक कहानी, असाधारण उत्पादन मूल्य और एक प्रतिभाशाली कलाकार हैं।

औरों में कहां दम था का नया गाना किसी रोज जारी, मैथिली ठाकुर ने लगाए सुर

मैदान के बाद अब अजय देवगन फिल्म औरों में कहां दम था के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान नीरज पांडे ने संभाली है।इस फिल्म में अजय की जोड़ी एक बार फिर तब्बू के साथ बनी है। दोनों ने कई हिट फिल्मों में साथ काम किया है।अब निर्माताओं ने औरों में कहां दम था का पहला गान किसी रोज जारी कर दिया है, जिसे गायिका मैथिली ठाकुर ने अपनी आवाज दी है।

औरों में कहां दम था के नए गाने किसी रोज के बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं, वहीं एमएम कीरावानी ने इस गाने को कंपोज किया है।यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे।

बांग्लादेश को योजना के मुताबिक महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करने का भरोसा

ढाका, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि वे देश में चल रही राजनीतिक अशांति और आपातकाल के बावजूद आगामी महिला टी20 विश्व कप की योजना के अनुसार मेजबानी को लेकर आश्वस्त हैं। इससे पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा कि वह बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रख रही है, जहां सडक़ों पर हत्याओं और विरोध प्रदर्शनों के बाद राज्य के मामले को नियंत्रित करने के लिए सरकार को पिछले सप्ताह आपातकाल लगाना पड़ा था जिसे अभी तक हटाया नहीं गया है। महिला टी20 विश्व कप 3 से 20 अक्टूबर तक निर्धारित है, दस टीमें बांग्लादेश के दो स्थानों पर 18 दिनों में 23 मैच खेलेंगीः

ढाका में शेर–ए–बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निज़ामुद्दीन चौधरी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, आज तक मुझे बस इतना पता है कि हम योजना के अनुसार आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहे हैं और हम उसी के अनुसार काम कर रहे हैं।

बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन और मुख्य कार्यकारी कोलंबो में आईसीसी बैठक में भाग लेने के बाद शुक्रवार (26 जुलाई) को ढाका लौट आए। बीसीबी महिला विंग की अध्यक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के वर्तमान संसद सदस्य शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि उनके पास टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पर्याप्त समय है। जब शफीउल का ध्यान इस मुद्दे की ओर दिलाया गया तो उन्होंने इस वेबसाइट से कहा, हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में सब कुछ ठीक हो जाएगा.

दिव्या खोसला स्टारर फिल्म सावी थिएटर के बाद नेटफ्लिक्स पर हुई रिलीज

फिल्म इंडस्ट्री में वर्षों से अपने अभिनय और निर्देशन के लिए मशहूर दिव्या खोसला ने इस साल एक नए अवतार में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया. दिव्या की फिल्म सावी इसी साल 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने पहली बार एक्शन मोड में अपनी छवि पेश की थी. अभिनय देव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिव्या खोसला कुमार के साथ हर्षवर्धन राणे की जोड़ी ने दर्शकों का ध्यान खींचा था. हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिली और यह केवल 7 करोड़ रुपये ही कमा सकी.

बता दें कि सावी सिनेमाघरों में कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी. फिल्म की

कहानी सावित्री और उसके पति नकुल के इर्द–गिर्द घूमती है. दोनों आराम से विदेश में रहते हैं, लेकिन एक कहानी से उनकी जिंदगी में भूचाल आ जाता है. पुलिस नकुल को उसकी हत्या करने के इल्जाम में गिरफ्तार कर लेती है और वह जेल चला जाता है. नकुल को आजीवन कारावास की सजा मिलती है. जिसके बाद सावी अपने पति को जेल से निकालने के लिए तिकड़म भिड़ाती है. सावी एक हाउसवाइफ से शातिर क्रिमिनल बन जाती है, जिससे कि वह अपने पति को जेल से बाहर निकाल सके.सावी की कहानी साल 2010 की एक अमेरिकी एक्शन थ्रिलर फिल्म द नेक्स्ट थ्री डेज पर आधारित है. यह फिल्म पोल एली एक फ्रेंच थ्रिलर की रीमेक है, जो कि साल 2008 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर दिव्या खोसला कुमार ने कहा था ट्रेलर लॉन्च के मौके पर कहा था कि उनका यह किरदार अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार में से एक है. उनका कहना था कि इस किरदार को निभाना अबतक सबसे चुनौतीपूर्ण रहा है. क्योंकि इस फिल्म में सावी के अलग–अलग रंग देखने को मिले हैं.

सिंधु की विजयी शुरुआत, पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा को हराया

पेरिस, शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने रविवार को ला चैपल एरेना में महिला एकल ग्रुप एम के पहले मैच में मालदीव की फातिमथ नबाहा अब्दुल रज्जाक पर 21–9, 21–6 की आसान जीत के साथ अपने पेरिस ओलंपिक अभियान की शुरुआत की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप स्टेज मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा से भिड़ेंगी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक से कभी खाली हाथ नही लौटी हैं, उन्होंने टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीतने से पहले रियो 2016 में अपने पहले खेलों में रजत पदक जीता था। वह कई ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। पहलवान सुशील कुमार एकमात्र अन्य भारतीय हैं जिनके कैबिनेट में एक से अधिक व्यक्तिगत ओलंपिक पदक हैं।

नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया ओगुनसेमिलोर डोपिंग के लिए अस्थायी रूप से निलंबित

पेरिस, अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि नाइजीरियाई मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर को पेरिस ओलंपिक में अपनी शुरुआती लड़ाई से पहले डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।इराकी जुडोका सज्जाद सेहेन और डोमिनिकन वॉलीबॉल खिलाड़ी लिसवेल ईव मेजिया के बाद ओलंपिक खेलों की शुरुआत के बाद से डोपिंग का यह तीसरा मामला है।

आईटीए ने कहा, मुक्केबाज सिंथिया टेमिटायो ओगुनसेमिलोर से लिए गए एक नमूने में एक निर्दिष्ट प्रतिबंधित पदार्थ, फ्यूरोसेमाइड (विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) निषिद्ध पदार्थों की सूची के अनुसार श्रेणी एस5 मूत्रवर्धक और मास्किंग एजेंट के रूप में वर्गीकृत) के लिए एक प्रतिकूल विश्लेषणात्मक परिणाम सामने आया।

22 वर्षीय ओगुनसेमिलोर को सोमवार को –60 किग्रा वर्ग में ओलंपिक टूर्नामेंट में पदार्पण करना था।

ओगुनसेमिलोर को मामले की जानकारी दे दी गई है और विश्व डोपिंग रोधी संहिता और ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 पर लागू आईओसी डोपिंग रोधी नियमों के अनुरूप मामले का समाधान होने तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

इसका मतलब यह है कि मुक्केबाज को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के दौरान प्रतिस्पर्धा, प्रशिक्षण, कोचिंग या किसी भी गतिविधि में भाग लेने से रोका जाता है।

नमूना 25 जुलाई को पेरिस में प्रतियोगिता से बाहर एंटी–डोपिंग नियंत्रण के दौरान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के परीक्षण प्राधिकरण और परिणाम प्रबंधन के तहत आईटीए द्वारा एकत्र किया गया था।

एक नजर

कांग्रेस की यात्रा राजनीति से प्रेरित : जैन

श्रीनगर गढ़वाल। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा यात्रा पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बहुत जल्द केदारनाथ में विधानसभा का उपचुनाव होने जा रहा है। कांग्रेस पदयात्रा का नाम देकर उपचुनाव का माहौल बनाने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि देवप्रयाग और श्रीनगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी शामिल नहीं हो रहे है। जिससे साफ स्पष्ट होता है कि कांग्रेस कई गुटों में बंटी हुई दिखाई दे रही है। जैन ने कहा कि पहले कांग्रेस अपने संगठन की प्रतिष्ठा को बचाने का काम करे लेकिन मंदिरों के नाम पर राजनीति न करे। केदारनाथ विधानसभा के उपचुनाव में क्षेत्रीय जनता केदारनाथ धाम के नाम से राजनीति करने वाली कांग्रेस को जवाब देगी। कहा कि पूरे देश भर में कांग्रेस पार्टी सनातन को बदनाम करने का काम करना उनकी रणनीति का हिस्सा रहा है। मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट और व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी, भगवान शिव के चित्र को आपत्तिजनक तरीके से संसद में लहरा-कर अपमानित करने का प्रयास करते हैं जोकि गलत है। मौके पर विभोर बहुगुणा, सुधीर उनियाल, कुशलानाथ आदि मौजूद रहे।

राज्य आपदा प्रबन्धन के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने ली आपदा प्रबन्धन की समीक्षा बैठक

श्रीनगर गढ़वाल। राज्य आपदा प्रबन्धन के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने रविवार को नगर निगम श्रीनगर के सभागार में आपदा प्रबन्धन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागों के अधिकारियों को आपदा से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रहने को कहा।विनय रूहेला ने सिंचाई विभाग को अलकन्दा किनारे पानी जमा होने वाले इलाकों और नगर क्षेत्र के गदेरों से सिल्ट तुरंत हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को बदलने, खुली तारों को व्यवस्थित करने और ट्रांसफार्मरों को नियमित रूप से देख रेख करने को कहा। उन्होंने नगर निगम श्रीनगर को विद्यालयों के आस–पास की झाड़ियों को काटने के निर्देश दिए। कहा बरसात के दौरान झाडियां उगने से सांप और बिच्छु का डर बना रहता है। झाड़ियों के कटान से स्कूली बच्चे जहरीले कीड़े मकोड़े से सुरक्षित रहेंगे। साथ ही उन्होंने विद्यालयों के लिए जाने वाले मार्गों की मरम्मत करने को कहा।

गुरिल्ला 20अगस्त से सीएम आवास पर देंगे धरना

श्रीनगर गढ़वाल। पेंशन, नौकरी और आश्रितों को लाभ देने की मांग पर कार्रवाई नहीं होने पर गुरिल्लाओं ने रोष व्यक्त किया है। गुरिल्ला संगठन के प्रवक्ता अनिल भट्ट, टिहरी जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद गैरोला, पौड़ी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष मान सिंह नेगी, जिला महामंत्री महावीर सिंह रावत ने कहा कि गुरिल्ला 20 अगस्त को सीएम आवास में रैली निकालकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे।

उन्होंने गुरिल्लों को एकत्रित होकर धरने को सफल बनाने की मांग है। अनिल भट्ट ने कहा कि 18 साल से गुरिल्ला अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है, लेकिन सरकार केवल कोरे आश्वासन देकर गुरिल्लों को छलने का काम कर रही है। उन्होंने गुरिल्लों से बड़ी से बड़ी संख्या में देहरादून पहुंचकर आंदोलन में प्रतिभाग करने की अपील की।

नारायणबगड़ से कर्णप्रयाग को निकली कांवड़ यात्रा

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड में रविवार को दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हो गया है। कांवड़ यात्रा रविवार सुबह को कर्णप्रयाग संगम से जल लाकर रविवार शाम को स्थानीय नारायणबगड़ इंटर कॉलेज में रात्रि विश्राम हेतु पहुंचे। सोमवार को नारायणबगड़ विकासखंड के विभिन्न शिव मंदिरों में जल से शिव भक्त जलाभिषेक करेंगे। महामृत्युंजय कांवड़ समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का रविवार को शुभारंभ हो गया है। कांवड़ यात्रा के लिए नारायणबगड़ और कर्णप्रयाग के बीच विभिन्न स्थानों पर भक्तों के द्वारा कांवड़ यात्रियों को कई स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लक्ष्मण रावत ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी, कांवड़ समिति के अध्यक्ष भरत सिंह नेगी, संयोजक दिलीप सिंह नेगी,कोषाध्यक्ष विक्रम परिहार,हरपाल नेगी, एनडी सती, समेत बड़ी संख्या में कावड़ यात्री एवं शिव भक्त मौजूद रहे।

सुरक्षा दीवार बनाना भूला सिस्टम, काश्तकारों को भू-कटाव का डर

कोटद्वार के कुंभीचौड़ क्षेत्र में गत वर्षाकाल में हुआ भू–कटाव

काशीरामपुर तल्ला व कुंभीचौड़ क्षेत्र में नही बनी सुरक्षा दीवार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः पिछले वर्ष वर्षाकाल में खाह नदी उफान पर आने से काशीरामपुर तल्ला व कुंभीचौड़ क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान हुआ था। एक ओर जहां लोगों के आशीयाने नदी में ढह गए थे वहीं, काश्तकारों की भूमि भी नदी लील गई थी। लोगों का दुख सुनने पहुंचे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही क्षेत्र में सुरक्षा दीवार बनाकर सुरक्षा का आश्वासन दिया था। लेकिन, सुरक्षा दीवार इस वर्ष भी नहीं बन पाई। नतीजा, नदी उफान पर आते ही काश्तकारों की चिंता बढ़ जाती है।

क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर ही निर्भर हैं। लेकिन, नदी के किनारे जिन काश्तकारों के खेत है उन्हें प्रतिवर्ष वर्षाकाल में भू–कटाव का दंश झेलना पड़ रहा है।

गत वर्ष वर्षा काल में खोह नदी कुंभीचौड़ व काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र के काश्तकारों की कई बीघा भूमि बहाकर ले गई थी। भू–कटाव होने के बाद काश्तकरों से मिलने पहुंचे अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें जल्द ही सुरक्षा दीवार बनाने का आश्वासन दिया। लेकिन, आज तक धरातल पर सुरक्षा दीवार नहीं बन पाई। काश्तकारों का आरोप है कि वह एक वर्ष में कई बार अधिकारियों को सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए पत्र दे चुके हैं। लेकिन, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने मौके पर झांककर तक नहीं देखा। यदि इस वर्ष भी खोह नदी का पानी बढ़ा तो उन्हें भू–कटाव का नुकसान झेलना पड़ेगा। लगातार हो रहे भू-कटाव से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

खतरे की जद में भवन

काशीरामपुर तल्ला व कुंभीचौड़ क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण नहीं होने से भवनों को भी खतरा बना हुआ है। इन भवनों में रहने वाले परिवार पिछले एक वर्ष से सुरक्षा दीवार निर्माण की राह देख रहे थे। वर्षा होने पर परिवारों की निगाहें खोह नदी पर ही टिकी रहती हैं। परिवारों का कहना है कि वह खेती करके ही अपना परिवार चलाते हैं। ऐसे में वर्षाकाल में अन्यत्र शिफ्ट होना उनके लिए एक चुनौती है।

पौधा रोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पेड़ लगाने का लो संकल्प, प्रकृति को बचाने का यही है विकल्प की विषयवस्तु पर मुख्यालय व आस पास के क्षेत्र में रविवार को पौधरोपण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत अर्थ अकादमी व यूथ फोरम पौड़ी के स्वयंसेवियों ने अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने की अपील की। कार्यक्रम में युवाओं ने कंडोलिया– त्वाली मोटर मार्ग के समीप वन पंचायत की भूमि पर वृहद पौधरोपण किया। इस दौरान बांज, देवदार, काफल समेत विभिन्न प्रजातियों की पौध लगाई गई। इस मौके पर विकास बड़थ्वाल, श्वेता कठैत, अंकित भंडारी, पूजा, दिवाकर, शुभम, शिवानी, नितिन, शोभित, सुधाकर, विमल, हिमांशु, अतुल आदि शामिल रहे।

वहीं, थलीसैंण ब्लाक के कोटी गांव में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मासिक पिंडदान संस्कार के दौरान दिवंगत आत्माओं की शांति व स्मृति में समलौंण पौध लगाई गई। कार्यक्रम में सतेश्वरी देवी, मगनी देवी व दीपा देवी ने अपने दिवंगत माता–पिता स्व. तारा देवी व स्व. जवाहर सिंह रावत के मासिक पिंडदान के अवसर पर फलदार पौध लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर गबर सिंह रावत, नेत्र सिंह असवाल, लालसिंह आदि शामिल रहे।

बेस अस्पताल में निश्चेतक की करवाएं तैनाती

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अस्पताल में निश्चेतक की तैनाती करवाने की मांग की है। कहा कि अस्पताल में निश्चेतक नहीं होने से मरीजों के आपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। जनता के हित को देखते हुए जल्द ही निश्चेतक की तैनाती की जानी आवश्यक है। इस संबंध में अभाविप के जिला संयोजक आयुष त्रिपाठी ने प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला के माध्यम से सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन भेजा। कहा कि राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहाड़ के साथ ही मैदान के कई मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन, वर्तमान में निश्चेतक की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त चल रहा है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों के आपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। मजबूरन मरीजों को बड़े शहरों की दौड़ लगानी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं को हो रही है। कहा कि मरीजों की सुविधा को देखते हुए अस्पताल में जल्द ही निश्चेतक की तैनाती कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

सामग्री निर्माण प्रतियोगिता में ग्रुप नंबर पांच अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः राठ महाविद्यालय पैठाणी पौड़ी गढ़वाल के बीएड विभाग परिषद द्वारा रविवार को शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की संयोजक वंदना सिंह ने बताया कि प्रशिक्षार्थियों को कम से कम समय और साधनों में आकर्षक से आकर्षक पाठ्य सामग्री तैयार करनी होती है, जो बच्चों के लिए रूचिपूर्ण होने के साथ–साथ ज्ञानवर्धक भी हों। प्रतियोगिता के लिए छात्र–छात्राओं के अलग–अलग समूहों, ग्रुपों का निर्माण किया गया था। सभी समूहों के आंकलन के बाद ग्रुप नंबर पांच ने पहला, ग्रुप नंबर 6 ने दूसरा ग्रुप नंबर चार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जीतेंद्र कुमार नेगी ने कहा कि छात्रों को रचनात्मक की ओर प्रेरित करना शिक्षा के लिए सबसे बड़ा योगदान है। विभागाध्यक्ष डा. प्रवेश कुमार मिश्रा ने कहा की सिद्धांत को व्यवहार निरंतर परिवर्तित किया जाना चाहिए। प्रतियोगिता में डा. देव कृष्ण थपलियाल, डा. गोपेश कुमार सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर संदीप भट्ट, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे

धूमधाम से मनाया गया शिक्षा सप्ताह

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिवालिक नगर में शिक्षा सप्ताह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पौधारोपण अभियान के साथ ही विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अजय सिंह रावत व प्रधानाचार्या शिवानी रावत ने किया। सर्वप्रथम शिक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्र-छात्रों ने बढचढकर प्रतिभाग किया। तत्पश्चात छात्रों ने पर्यावरण सरंक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्या शिवानी रावत ने कहा कि स्कूल में विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों से बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रबधक अजय पाल सिंह रावत ने छात्रों को पढाई के साथ खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

नलकूप खराब, पानी को भटक रहे वार्डवासी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 12 में पिछले एक सप्ताह से पेयजल संकट बना हुआ है। हालत यह है कि वार्डवासियों को पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विभाग समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा।

वार्ड नंबर 12 के लिए बने नलकूप की मोटर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ी हुई है। ऐसे में क्षेत्र के घरों में पेयजल संकट गहराने लगा है। क्षेत्रवासी पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं, हालांकि जलसंस्थान ने क्षेत्र में पानी के टैंकरों से लोगों को पानी की आपूर्ति की जा रही है। वार्डवासी दीपक जदली, दिगंबर रावत, पूनम रावत ने जलसंस्थान विभाग पर क्षेत्र की घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि विगत एक सप्ताह से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित हो रखी है। जिससे वार्डवासियों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गर्मियों के मौसम में घरों में पानी की ज्यादा खपत होने के कारण लोगों को किसी प्रकार से गुजारा करना पड़ रहा है।सबसे ज्यादा परेशानी बुद्धापार्क, हरेंद्र नगर वाली गली, चर्च रोड़ पर रहने वाले लोगों को हो रही है। जलसंस्थान के सहायक अभियंता त्रिभुवन गुसांई का कहना है कि टयूबवैल की मोटर खराब हो गई है। जिसे लगातार ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। मोटर ठीक होते ही क्षेत्र में पानी की आपूर्ति सुचारू की जाएगी। जब तक मोटर ठीक होती है, तब तक के लिए क्षेत्र में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

पानी के इंतजार में सूखा नल

पुलना गांव में पहाडी से गिरे बोल्डर , महिला को आयी चोट

चमोली। हेमकुंड यात्रा मार्ग में स्थित पुलना गांव के निकट पहाड़ी से बोल्डर और मलबा गिरने से घास लेकर वापस अपने घर को जा रही एक महिला घायल हो गई है जिसका उपचार सीएचसी जोशीमठ में चल रहा है। वहीं चट्टान टूटने से नीचे पार्किंग में खड़ी एक कार, स्कूटी, काम्पैक्टर टिन सेड, एक कार पार्किंग क्षतिग्रस्त हुए है। रविवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे पुलना गांव के निकट की पहाड़ी टूटकर उससे बोल्डर और मलबे की बरसात होने लगी। इसी दौरान घास काटकर अपने घर को जा रही 42 वर्षीय रजनी देवी पत्नी दिगंबर सिंह के पांव में कुछ चोटे आई जिनका उपचार सीएचसी जोशीमठ में चल रहा है।

भाजपा के राज में बढ़ा महिलाओं पर अत्याचारः रश्मि

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल ने कहा कि देश व प्रदेश में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। इसके लिए केंद्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। कहा कि कांग्रेस महिलाओं का शोषण किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

दिल्ली जंतर मंतर में सोमवार से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रव्यापी नारी न्याय आंदोलन में प्रतिभाग करने से पूर्व रविवार को कोटद्वार जिला कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता की। कहा कि महिलाएं अपने हक की आवाज उठाएंगी। कहा कि देश भर की महिलाएं कांग्रेस पार्टी महिला न्याय यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार के समक्ष अपने हक की आवाज उठायेंगी। जिनमें महिला आरक्षण व्यवस्था लागू करने के साथ ही ओबीसी महिलाओं को अलग से आरक्षण प्रदान करने, देश भर में महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाकर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने और बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने सहित अन्य मांग शामिल हैं। बताया कि कोटद्वार महिला कांग्रेस के पदाधिकारी और सक्रिया कार्यकर्ता भी आंदोलन में प्रतिभाग करने के लिए दिल्ली कूच करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, पूर्व प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रंजना रावत, कांग्रेस महिला महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस शहनाज शम्सी और जिला महामंत्री कृपाल सिंह नेगी आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती रश्मि पटवाल

ग्रामीणों ने एडीएम को गिनवाई समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी। बीते शनिवार को कमेड़ा में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में एसडीएम को ग्रामीणों ने कई समस्याएं बताईं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अफसरों को जल्द समस्या हल करने के निर्देश दिए।रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल किल्लत से परेशानी होती है। कहा कोला पातल पंपिंग योजना के तहत किए गए कार्य से गांव में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने पेंशन, आवास आदि समस्याएं भी अफसरों को बताईं। एसडीम अनामिका सिंह ने संबंधित अफसरों को जल्द ही समस्याओं का हल करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर पात्र ग्रामीण को मिलना चाहिए। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस दिक्षिता जोशी, तहसीलदार पौड़ी दीवान राणा, ग्राम प्रधान सुमन सिंह, सावित्री ममगांई आदि शामिल थे।

मालन मेन फीडर नहर की बेहतर मरम्मत करवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के 43 गांवों को सिंचाई सुविधा देने वाली मालन मेन फीडर नहर की सालभर बाद भी मरम्मत नहीं हो पाई है। इस कारण भूकटान और भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। भारी बारिश में यह नहर कभी भी ध्वस्त हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो भाबर के काश्तकारों के सामने धान की फसल की सिंचाई के लिए पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। इस संबंध में रविवार को मालिनी किसान पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी और महासचिव मधुसूदन नेगी ने बताया कि पिछले साल की बरसात में कण्वाश्रम से करीब 3 किमी ऊपर मालन नदी से निकाली गई मुख्य मालन फीडर नहर को बड़े पैमाने पर क्षति पहुंची थी। सिंचाई विभाग ने तब आनन फानन करीब 30 मीटर नहर के पैच का नए सिरे से निर्माण कर सिंचाई का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाया, लेकिन नहर में नदी से हो रहे कटान और पहाड़ी से भूस्खलन के खतरे से बचने के लिए स्थायी कार्य नहीं हो पाया। वर्तमान में हालत यह हैं कि मालन नहर का करीब 70 मीटर हिस्सा कभी भी नदी में समा सकता है। उन्होने विभागीय अधिकारियों से अविलंब इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

श्रीनगर पहुंची कांग्रेस की केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस की श्री केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा रविवार को श्रीनगर पहुंची। जीएमवीएन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ धाम प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा 2 अगस्त को केदारनाथ पहुंचेगी। भैरव मंदिर में न्याय की गुहार लगाने और पुजारियों के साथ बैठक करने के बाद 3 अगस्त को यात्रा समाप्त होगी।माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीति लाभ के लिए देश की एकता और अंखण्डता को खत्म करने का प्रयास कर रही है। उत्तराखंड के चारधाम हमारी आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतीक हैं। इसलिये उनसे छेड़छाड़ के किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे। माहरा ने कहा कि पंच बद्री, पंच केदार के अलावा छठवां केदार नहीं हो सकता। यह देश की परंपराओं के साथ खिलवाड़ है। कहा कि केदारनाथ धाम ट्रस्ट दिल्ली की ओर से जो क्यूआर कोड दान के लिए जारी किया गया है। उसे बंद नहीं किया गया है।

नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था में आए कई बदलाव

नई टिहरी। राजकीय इंटर कॉलेज छापराधार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित शिक्षा सप्ताह में सामुदायिक सहभागिता पर आधारित गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि नई शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था से लेकर पाठ्यक्रम में कई बदलाव हुए हैं, जो भविष्य में छात्रों के लिए लाभकारी होंगे। इस मौके पर विद्यालय पर आधारित किताब का विमोचन भी किया गया।रविवार को जीआइसी छापराधार में शिक्षा सप्ताह का समापन हुआ। प्रधानाचार्य गबर सिंह चौहान ने विद्यालय के इतिहास को लेकर लिखी पुस्तक का लोकार्पण भी किया।

बताया कि शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता पर आधारित सामाजिक सुरक्षा, नैतिक कर्तव्य, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण पर जानकारी दी। बताया कि जो पुस्तक लिखी है उसमें विद्यालय की स्थापना, इतिहास व वर्तमान तक की गतिविधियां और उपलब्धियों का वर्णन किया गया है। विद्यालय के संस्थापक सदस्य डॉक्टर देवेश्वर आनंद, मंगलानंद डबराल ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और बेहतर शिक्षा का माहौल मिलने से छात्र–छात्राएं निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। पूर्व प्रधान कुशाल सिंह पुंडीर, पीटीए अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास अभिभावक और शिक्षकों की सहभागिता से संभव है। प्रधान सीमा डबराल ने विद्यालय की उपलब्धियां के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

देवप्रयाग में गुलदार की सक्रियता से दशहत

नई टिहरी। देवप्रयाग में एक किशोर को निवाला बनाने की घटना के बाद भी क्षेत्र में गुलदार की दहशत कम होने का नहीं ले रही है। एक गुलदार इस घटना के कुछ ही घंटों में पिंजरे में कैद कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद अनेक स्थानों पर गुलदार देखा गया है। इससे लोग दहशत में हैं। शनिवार देर शाम केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के गेट पर गुलदार के दिखाई देने के बाद परिसर में ऐहतिहात और बढ़ा दी गई है। गुलदार को भगाने के लिए छात्रों ने देर रात शोर–गुल करते हुए परिसर की सड़कों के चक्कर लगाये। परिसर प्रशासन ने छात्रों को रात को अनावश्यक न घूमने और शाम को भोजन करने के तुरंत बाद कमरों में चले जाने के निर्देश जारी किया है।

द हंस फाउंडेशन द्वारा प्राचीन मंदिर को क्षति पहुंचाने पर जांच के आदेश

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः उत्तरकाशी जनपद में विकासखंड मोरी के अंतर्गत सोमेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर को हंस फाउंडेशन द्वारा क्षति पहुंचाने की शिकायत पर धर्मस्व मंत्री सतपाल ने जांच के आदेश दिए हैं।

मंदिर समिति की शिकायत पर प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धर्मस्व सचिव से कहा है कि जनभावनाओं के अनुरूप उक्त मन्दिर को क्षतिग्रस्त होने से बचाते हुए प्राचीन मंदिर के संरक्षण हेतु सभी तरह के उपाय किए जाएं। ज्ञात हो कि सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति के उपाध्यक्ष जयवीर सिह रावत और सह सचिव राम लाल विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज से लिखित शिकायत कर कहा है कि जनपद उत्तरकाशी के ब्लाक मोरी के ग्राम पचायत जखोल में स्थित पौराणिक सोमेश्वर महादेव मंदिर 22 गांवों की आस्था का केन्द्र है। मंदिर में वर्ष 1861 से धरोहर के रूप में बहुत ही सुन्दर मूर्ति बनी है। यह मंदिर पांडव काल के समय से ही यथावत है। शिकायती पत्र में बाकायदा हंस फाउंडेशन का नाम लेते हुए मंदिर को कुछ गैर कानूनी संस्थाओं द्वारा नव निर्माण के नाम पर तोडे जाने की बात कहते हुए इसके संरक्षण की बात कही गई है। भाबर क्षेत्र के 43 गांवों को सिंचाई सुविधा देने वाली मालन मेन फीडर नहर की सालभर बाद भी मरम्मत नही हो पाई है। इस कारण भूकटान और भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है। भारी बारिश में यह नहर कभी भी ध्वस्त हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो भाबर के काश्तकारों के सामने धान की फसल की सिंचाई के लिए पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। इस संबंध में रविवार को मालिनी किसान पंचायत के अध्यक्ष जेपी बहुखंडी और महासचिव मधुसूदन नेगी ने बताया कि पिछले साल की बरसात में कण्वाश्रम से करीब 3 किमी ऊपर मालन नदी से निकाली गई मुख्य मालन फीडर नहर को बड़े पैमाने पर क्षति पहुंची थी। सिंचाई विभाग ने तब आनन फानन करीब 30 मीटर नहर के पैच का नए सिरे से निर्माण कर सिंचाई का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाया, लेकिन नहर में नदी से हो रहे कटान और पहाड़ी से भूस्खलन के खतरे से बचने के लिए स्थायी कार्य नहीं हो पाया। वर्तमान में हालत यह हैं कि मालन नहर का करीब 70 मीटर हिस्सा कभी भी नदी में समा सकता है। उन्होने विभागीय अधिकारियों से अविलंब इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

अदालती सूचना

सम्मन बाबत इश्तहार अखबार
न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी लैंसडौन गढ़वाल

बटवारावाद स. 09 सन 2021-22
भूपेंद्र सिंह पुत्र स्व.विक्रम सिंह आदि
ग्राम मस्ट पट्टी डबरालस्यूं -2
तहसील लैंसडौन ---गढ़वाल
बनाम
बलदेव प्रसाद---आदि---
प्रतिवादीगण
समन बनाम 14- सुनीता देवी पत्नी लखपत सिंह
15 साक्षता पुत्र लखपत सिंह
19 एलमी राम पुत्र कारीगर
निवासी-गमा मस्ट पट्टी डबरालस्यू-2
तहसील-लैंसडौन जिला-पौड़ी गढ़वाल
हरगाहा वादी गण द्वारा एक वाद ग्राम मस्ट पट्टी-डबरालस्यूं तहसील-लैंसडौन जिला पौड़ी-गढ़वाल के खाता संख्या-23 के बटवारा बावत 176 ज.भू.वि. अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवायी हेतु दिनांक-14-8-2024 नियत है।

अतः जरिये प्रकाशन सूचित किया जाता है कि दिनांक 14-8-2024 के प्रातः 10 बजे स्वयं या जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाब देही प्रस्तु करें। अन्यथा वादी गण के हक में एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

आज दिनांक 24/07/2024 को हमारे हस्ताक्षर व न्यायालय मोहर द्वारा जारी किया गया।

रीडर न्यायालय असिस्टेंट कलेक्टर लैंसडौन पौड़ी गढ़वाल

विद्यार्थियों ने माता के साथ मिलकर लगाया पौधा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन को ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ डे के तहत पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत के विद्यार्थियों ने अपनी माता के साथ मिलकर पौधा रोपण किया। इस दौरान लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। विद्यालय में सामुदायिक सहभागिता करवाते हुए मातृशक्ति के सम्मान में एसएमसी की एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण जनचेतना गोष्ठी का आयोजन करके मातृशक्ति को शिक्षा सप्ताह की कार्ययोजना की जानकारी देकर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही छात्र- छात्राओं और उनकी माताओं के द्वारा विद्यालय परिसर में केले, माल्टा, अनार के पौधों के साथ ही पुष्प वाटिका में गुलाब के पौधों का रोपण करके उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया।

विद्यालय में पौधा रोपण करते विद्यार्थी व अभिभावक

एसडीएम ने जसपुर में ग्रामीणों की सुनी 32 समस्याएं

नई टिहरी। उप जिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार की अध्यक्षता में रविवार को जसपुर में आयोजित सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखी। ग्रामीणों ने एसडीएम को बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा की समस्याएं बताई। उन्होंने मनरेगा में रोजगार के अवसर बढ़ाने समेत 32 समस्याएं सुनी। एसडीएम ने गांव में लगी आटा चक्की, पावर वीडर, रेलिंग निर्माण, टीनशेड से लेकर गांव में संचालित अन्य विकास कायी का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि गांव में हो रहे विकास कायी में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्राथमिक विद्यालय मार्ग पर झाड़ी कटान का कार्य भी किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र डोभाल ने जंगली जानवरों से खेती सुरक्षा को चेंजिंग फेंसिंग लगाने, गुलदार से बचाव के लिए गांव में सोलर लाइट लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया कि ढुंगीधार के निर्मल वर्ग के समीप से लोग कूड़ा फेंक रहे हैं। जिससे गंदगी फैलने के साथ ही गांव का प्राकृतिक पेयजल स्त्रोत भी दूषित हो रहा है। इस समस्या से भी निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर प्रधान अंजू डोभाल, एआरटीओ सतेंद्र राज, पूर्ति निरीक्षक देवेंद्र नेगी, अंजना राणा, राजेंद्र नेगी, कर्ण सिंह, विक्रम नेगी, जीतेंद्र डोभाल, खुशाल सिंह नेगी, जेपी सेमल्टी आदि मौजूद थे।

एक नजर

चमोली जिले में 31 सड़कें बंद

चमोली। सड़कों पर मलबा आने और पहाड़ियों से बोल्डर, पत्थर आने से चमोली जिले के कई गावों का सड़क सम्पर्क मुख्यालय से टूट गया है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर बीमार लोगों को अस्पताल और दवा खरीदने के बाजार आने मे परेशानी हो रही है। ऐसे भी गांव है। जहां सड़क क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित ग्रामीणों को नमक जैसी आवश्यक जरूरतों को खरीदने के पैदल ही कई किलोमीटर पैदल चलकर बाजार आना पड़ रहा है ' रविवार को चमोली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की 31 सड़कें मलबा, बोल्डर, पत्थर आने से अवरुद्ध रही। इनमे सबसे अधिक बाधित सड़के प्रधानमत्री ग्रामीण योजना के तहत पोखरी क्षेत्रातर्गत 11 सड़के रही ' लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई कर्णप्रयाग के तहत 5 सड़के मलबा आने और टूटने से प्रभावित रही '

एक जमीन को दो लोगों को बेचा, केस दर्ज

देहरादून। एक जमीन को दो महीने के भीतर फर्जीवाड़े कर दो लोगों को बेच दिया गया। दूसरे खरीदार को इस मामले का पता लगा तो उन्होंने आरोपी जमीन मालिक और डील में शामिल व्यक्ति के खिलाफ प्रेमनगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि अतुल अग्रवाल निवासी पैसिफिक एस्टेट, अनुराग चौक ने एसएसपी कार्यालय में तहरीर दी। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी 2023 को नीरज सिंह निवासी शाहपुर संतोर के जरिए उन्होंने रविंद्र रावत निवासी बड़ोवाला आर्केडिया ग्रांट से शीशमबड़ा स्थित जमीन खरीदी। जमीन खरीदने के लिए 21.20 लाख रुपये का भुगतान किया। कुछ समय बाद जमीन पर बाउंड्री वॉल कराने लगे। इस दौरान मौके पर मनोज बुटोला व अरुण कुमार पहुंचे और उन्होंने अतुल अग्रवाल को पांच दिसंबर 2022 की रजिस्ट्री दिखाई। इसके बाद पीड़ित ने जांच पड़ताल की। तब पता लगा कि फर्जीवाड़ा करते हुए एक जमीन की दो लोगों को रजिस्ट्रियां की गईं। उन्होंने इसे लेकर आरोपी नीरज और रविंद्र सिंह रावत के खिलाफ प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

विधायक बुटोला ने किया 'हुराणी कू दिन' जागर का भाग–दो लॉच

देहरादून। बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने लोक जागर गायिका पम्मी नवल के 'हुरणी कू दिन' जागर का भाग–दो लॉच किया। उत्तरांचल प्रेस क्लब में रविवार को विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम गीतकार कुलदीप नवल, संगीतकार आशीष नवल, पम्मी नवल ने मुख्य अतिथि विधायक बुटोला के साथ एक पेड़ शहीदों के नाम रोपा। विधायक ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। पम्मी नवल ने बताया कि 'हुरणी कू दिन' के भाग एक को लोगों ने बहुत प्यार दिया। इसी के चलते उन्होंने भाग दो प्रस्तुत किया है। विशिष्ठ अतिथि लोकगायक किशन महिपाल ने पम्मी नवल के हुराणी कू दिन भाग दो के रिलीज होने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कला और संस्कृति को संजोए रखना चाहिए। मौके पर गोविन्द शरण, आरएल आर्य, मुकेश कुमेड़ी, विकास उनियाल, भागीरथी देवी गोविंद शरण, गोविंद सजवाण, रविंद्र बर्त्वाल, डा. मानवेंद्र बर्त्वाल, समाजसेवी चंद्र प्रकाश नेगी, दिनेश बुटोला, हेमवन्त बुटोला, गोविंद नेगी, सोहन सिंह आदि मौजूद थे।

ट्रांसजेंडरों ने फैशन शो में दिखाई प्रतिभा

देहरादून।दून में रविवार को तीज महोत्सव के तहत ट्रांसजेंडर फैशन शो आयोजन किया गया। होटल सनराइज में आयोजित फैशन शो में ट्रांसजेंडर ने रैंप जलवा बिखेरा। शो में कुल 15 ट्रांसजेंडरों ने प्रतिभाग किया। पिनाकी इवेंट्स की ओर से आयोजित शो को लेकर ट्रांसजेंडरों में खूब उत्साह दिखा। आयोजक प्रिया गुलाटी ने बताया कि पहली बार ट्रांसजेंडरों के लिए फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें चंडीगढ़ से आई ट्रांसजेंडर ने भी भाग लिया। ट्रांसजेंडरों ने रैंप पर अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया।

फुलसनी स्थित मंदिर में चोरी

देहरादून। फुलसनी स्थित नंदा देवी मंदिर में चोरी हो गई। चोरी को लेकर नंदा देवी एंक्लेव फुलसनी के अध्यक्ष पूरण सिंह पंवार ने विधौली चौकी में तहरीर दी। कहा कि 26 जुलाई की रात को नंदा देवी मंदिर और कोटेश्वर महादेव मंदिर के दान पात्र तोड़कर नगदी चोरी की गई। चोर एक दान पात्र को अपने साथ ले गए।

सावरीसैंण सैकोट में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

चमोली। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल और जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली के तत्वावधान में रविवार को राइका सावरी सैंण सैकोट में वृहद बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार और सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार ने कहा कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। हर व्यक्ति को अपने कानूनी अधिकारों के बारे में पता होना आवश्यक है, ताकि कानून की जानकारी के अभाव में कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर अपर जिला न्यायाधीश ने वृक्षारोपण भी किया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।सिविल जज (सी0डि0)/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली से मिलने वाली निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को किसी भी मुकदमे में अधिवक्ता की आवश्यकता है या किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता, कानूनी सेवा और सलाह चाहता है और वह व्यक्ति निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के लिए पात्र है, तो वह व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकता है।

शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर 195 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही 28 लोगों के आयुष्मान कार्ड और 01 दिव्यांग प्रमाण पत्र मौके पर बनाया गया। होम्योपैथिक द्वारा 91, आयुर्वेदिक में 28 लोगों का उपचार और दवा वितरित की गई। समाज कल्याण द्वारा 08 पेंशन आवेदनों का सत्यापन, पूर्ति विभाग द्वारा 10 राशन कार्ड संशोधन एवं दो नए राशन कार्ड निर्गत किए गए। श्रम विभाग द्वारा श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण, दिव्यांग एवं पुनर्वास द्वारा यूडीआईडी कार्ड और पशुपालन द्वारा 75 पशुपालकों को दवा वितरित की गई। कृषि व उद्यान विभाग द्वारा 32 काश्तकारों को कीटनाश-क दवा, खाद, बीज एवं उपकरण उपलब्ध कराए गए। शिविर में किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, नालसा आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में सीजीएम सुश्री छबी बंसल, एसीजीएम सचिन कुमार पाठक, सिविल जज (जू0डि0) नवल कुमार, डीजीसी सिविल मनोज भट्ट, मुख्य कानूनी रक्षा सहायता परामर्शदाता समीर बहुगुणा, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भरत सिंह रावत, पैनल अधिवक्ता ज्ञानेन्द्र खंतवाल, रैजा चौधरी, कुलदीप वत्तवाल, शंकर सिंह मनराल, हिमांद समिति के सचिव एवं पीएलबी उमा शंकर बिष्ट, भक्ति देवी, अभिषेक, रूद्र सिंह भंडारी, अंजना देवी समेत विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

आपदा मानकों में बदलाव कर प्रभावितों को मिले लाभः यशपाल आर्य

–नेता प्रतिपक्ष ने की बूढ़ाकेदार क्षेत्र के आपदाग्रस्त तोली व तिनगढ़ का भ्रमण कर प्रभावितों से मुलाकात

नई टिहरी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को बूढ़ाकेदार क्षेत्र के आपदाग्रस्त तोली व तिनगढ़ का भ्रमण कर प्रभावितों से मुलाकात की।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों ने प्रभावितों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। रविवार को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य आपदा प्रभावितों के लिए बनाए गए अस्थाई राहत शिविर राइंका बिनकखाल पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने प्रभावितों से कुशलक्षेम जानी। नेता प्रतिपक्ष ने तोली गांव में अपनी बेटी और पत्नी की मौत के बाद सदमें में आए वीरेंद्र को ढांढस बांधते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्षों से बूढ़ाकेदार क्षेत्र आपदा से ग्रसित है। जहां पर हर वर्ष आपदा से लोग जान गंवा रहे है। लेकिन सरकार अभी तक कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई है। उन्होंने आपदा मानकों में बदलाव कर लोगों को लाभ देने की मांग की।

एकादशी एन्क्लेव की महिलाओं ने किया पौधरोपण

देहरादून। सहस्त्रधारा रोड स्थित एकादशी कॉलोनी की महिलाओं ने रविवार को हरेला पर्व और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। महिलाओं ने पर्यावरण को बचाने का संदेश भी दिया। भाजपा की मीडिया पैनलिस्ट लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि परिवार हो या समाज किसी भी क्षेत्र आज महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से कम नहीं है। ऐसे में जब हमारी सरकार कोई सामाजिक अभियान शुरू करती है तो मातृशक्ति भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ती है।

एकादशी कॉलोनी में जुटी दर्जनों महिलाओं का जज्बा और पुरुषों का इसमें सहयोग इसका सबसे सुखद प्रमाण है। इस मौके पर अजय कुमार तिवारी, रेनू तिवारी, अमित सिंह आनंद सिंह, जयबीर पंवार, सुनील जोशी, एनडी कुनियाल, अनिकेत तिवारी, कमला जोशी आदि मौजूद रहे।

मंत्री ने भाजपाइयों के साथ पीएम की सुनी मन की बात

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में पीएम की ह्यमन की बात का 112वां संस्करण पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ सुना।इस मौके पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में पेरिस ओलिंपिक, मैथ्स ओलंपियाड, टाइगर डे, वनों के संरक्षण और स्वतंत्रता दिवस पर बात की।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से जुड़ने की अपील की ओर ड्रग्स से निपटने तथा लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा के लिए अपने यहां के लोकल प्रोडक्ट को #माई प्रोडक्ट माई प्राइड के नाम से सोशल मीडिया पर अपलोड करने और पेरिस ओलिंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम की अपील के बाद आज पूरा देश 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान में जुड़ कर पूरा देश तिरंगामय होता है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को जीआई टैग की कार्यवाही की जा रही है। जिससे लोकल उत्पादों को अंतराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध हो सके। इस मौके पर डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. बबिता सहोत्रा, हेमराज, मनोहर भंडारी, सुशील नैनवाल, मोहन बहुगुणा, प्रदीप सजवाण आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने रेलवे पुल पर चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण दिवस पर रोटरी क्लब अलकनंदा वेली ने रविवार को श्रीनगर–नैथाणा को जोड़ने वाले रेलवे पुल पर स्वच्छता अभियान चलाया।

अभियान में प्लास्टिक सहित अन्य कूड़ा 10 बोरे एकत्र कर उसका निस्तारण किया। इस दौरान लोगों को सड़कों और घर के आस–पास कूड़ा नहीं फैलाने की अपील लोगों से की। साथ ही लोगों को प्रकृति को हराभरा रखने के लिए अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने को कहा। मौके पर अर्जुन सिंह गुसाईं, पीबी नैथानी, केएस पटवाल, प्रदीप मल्ल, धनेश उनियाल, नवल किशोर जोशी, मनोज कण्डवाल, एसके बिजलवान, डा. वरुण बर्तवाल, वीर सिंह भंडारी एवं इंटरेक्ट क्लब, मास्टरमाइंड स्कूल एवं होली एंजेल स्कूल के छात्र–छात्राओं

राठ जन विकास समिति कराएगी राठ महोत्सव

देहरादून। राठ जन विकास समिति की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक रविवार को शताब्दी एनक्लेव में हुई। इसमें पौड़ी जिले के राठ क्षेत्र में राठ महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। महोत्सव की तिथि अगली बैठक में तय की जाएगी।बैठक ने समिति के पदाधिकारियों ने अगले छह माह में होने वाले सभी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। सर्वसमिति से गढ़वाल संसद अनिल बलूनी को संरक्षक बनाया गया।

काबीना मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व विधायक श्रीनगर गणेश गोदियाल को भी संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष एमएस गुसाईं, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलानंद घनशाला, महासचिव पुरूषोतम ममगाईं, अशोक रावत, वीरेंद्र राठी, दीवान सिंह नेगी, राजेंद्र गुसाईं, जसपाल गुसाईं, भुवन त्रिपाठी, जगमोहन सिंह भंडारी, अंजना गुसाईं आदि मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में उपलब्ध कराई सामग्री

नई टिहरी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य आनंद रावत ने अपनी दिवंगत पत्नी बिंदा देवी की स्मृति में प्रतापनगर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पठन–पाठन कार्य के लिए 100 सेट कुर्सी और मेज सहित 100 थर्मल पानी की बोतलें भेंट की है। कहा कि दूरस्थ क्षेत्र के स्कूलों के संसाधनों का अभाव होता है। ऐसे में इस तरह की सहायता से छात्रों को सुविधा मिलती है। शनिवार शाम को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का वार्डन निशा रावत और पूर्व जिपंस आनंद रावत ने शुभारंभ किया। आनंद रावत ने कहा कि बालिकाओं को हर स्तर पर प्रोत्साहन करना चाहिए। बालिकाएं हर फील्ड में बालकों की बराबरी कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में तो देश–प्रदेश में बालिकाएं सारे रिकार्ड तोड़ रही हैं। पूर्व में भी उन्होंने छात्रावास के लिए सहयोग दिया था। आगे भी वह इस तरह के कार्यों को करते रहेंगे। स्कूल की छात्रा मानसी, काजल, सुचिता के सरस्वती वंदना से स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम पंवार, बनाली के प्रधान सतपाल रावत, पीटीए अध्यक्ष जशोदा देवी, राज्यांदोलनकारी शंभू सिंह भंडारी, प्रधानाचार्य राकेश चंदोला, रमेश रावत, राजेंद्र बोरा, मनीष राजपूत, अर्जुन दास, शंभू राणा, जीतपाल सिंह, मनीष चौहान, मोहन लाल, सुंदर शाह मौजूद थे।

दवा डिस्ट्रीब्यूटर को मैनेजर ने लगाया कि 44.50 लाख चूना

देहरादून। दवा डिस्ट्रीब्यूटर की फर्म रखे गए मैनेजर ने 44.50 लाख रुपये की दवाएं चोरी से बेचकर भुगतान खुद ले लिया। खुलासा होने पर फर्म मालिक को आरोपी ने इसके एवज में कुछ चेक दिए।

उनका भी भुगतान नहीं हुआ। मामले में आरोपी प्रबंधक के खिलाफ पटेलनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।इंस्पेक्टर पटेलनगर केके लुंठी ने बताया कि प्रतीक शर्मा निवासी कैपिटल हाइट आईटीबीपी सीमाद्वार ने तहरीर दी। वह वंदना डिस्ट्रीब्यूटर आरकेडिया ग्रांट के प्रोपराइटर हैं। उनकी फर्म जगत फार्मा की लाइफ सेविंग दवाइयों की राज्यों में प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर है। प्रतीक शर्मा ने अपनी डिस्ट्रीब्यूटर फर्म में हेमंती नंदन निवासी न्यू बसंत विहार एंक्लेव, इंदिरानगर को बीते आठ वर्ष से बतौर प्रबंधक रखा हुआ था। बीते दो जनवरी को प्रतीक शर्मा को जगदाले इंडस्ट्री के एकाउंटेंट ने फोन किया। प्रतीक को बताया कि उनके गोदाम में काफी स्टॉक् पड़ा है। इसमें 75 फीसदी स्टाक वापस मांगा। प्रतीक ने मैनेजर हेमंती नंदन को इस बारे में बताया। हेमंती ने इस दौरान कहा कि कोई कंप्यूटर त्रुटि हुई होगी। उसने प्रतीक के यहां स्टाक होने से मना कर दिया। कंपनी ने इसका ऑडिट किया।

क्लीन एंड ग्रीन सोसाइटी ने प्रेमनगर में रौपे पौधे

देहरादून। प्रेमनगर के विभिन्न स्थानों में क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी द्वारा रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने किया।

उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के पर्यावरण में उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसे और सशक्त करने के लिए हमको निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

धरती के पर्यावरण को शुद्ध वायु, स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक। समिति के अध्यक्ष राम कपूर, सुमित खन्ना, अमरनाथ कुमार, जेपी किमोठी, विश्वास शर्मा, दिवाकर, प्रवीन, नितिन कुमार, लोहित पाण्डे आदि मौजूद रहे।

चारधाम यात्रा में बाहरी वाहनों की डग्गामारी रोके सरकार

ऋषिकेश। उत्तराखंड टैक्सी–मैक्सी महासंघ ने रविवार को बैठक कर चारधाम यात्रा में डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने सरकार से बाहरी वाहनों का संचालन सिर्फ हरिद्वार और ऋषिकेश तक करने की गुहार लगाई। चेताया कि उनकी समस्या की अनदेखी की गई तो आंदोलन किया जाएगा। उत्तराखंड टैक्सी मैक्सी महासंघ द्वारा बाईपास मार्ग स्थित भंडारी वेडिंग पॉइंट में बैठक आयोजित कर चारधाम यात्रा में बाहरी वाहनों द्वारा की जा रही डग्गामारी को लेकर विरोध जताया। उन्होंने बाहरी राज्यों से आने वाले कॉमर्शियल और प्राइवेट वाहनों का उत्तराखंड से संचालन पर रोक लगाने, चारधाम यात्रा में बाहर से आए वाहनों को हरिद्वार और ऋषिकेश तक आने देने, उत्तराखंड में ओला जैसी कंपनियों के वाहनों का संचालन न करने, ग्रीन और ट्रीप कार्ड मात्र 10 दिनों के लिए अनिवार्य करने, पहाड़ों में चालकों का हिल लाइसेंस अनिवार्य करने, प्रदेश में टू व्हीलर के कॉमर्शियल परमिट पर रोक लगाने की मांग की। ताकि प्रदेश के वाहन चालकों का रोजगार चल सके। उन्होंने मांगों को लेकर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को भी ज्ञापन सौंपा। मौके पर इनोवा टैक्सी चालक मालिक एसोसिएशन के अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण, सचिव नवीन सेमवाल, उपाध्यक्ष अवतार सिंह भगत, दून ट्रेवल के अध्यक्ष प्रवीण चावला, भगवान सिंह पंवार, योगेश अग्रवाल, दीपक भट्ट, ट्रैकर सूमो एसोसिएशन के अध्यक्ष बलवीर सिंह नेगी, उत्तम सिंह, विरेंद्र रावत, हरीश भट्ट, भगवती प्रसाद, विजेंद्र कंडारी, मुकेश खरोला, राजेंद्र भंडारी, अश्वनी ममगाईं, हेमंत डंग, सज्जन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

दिव्य विभूति राष्ट्रभक्त थे स्व. मांगेरामः अजय टम्टा

ऋषिकेश। प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. मांगेराम अग्रवाल की 21 पुण्यतिथि पर रविवार को क्षेत्रवासियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधियों ने स्व. मांगेराम द्वारा किए गए कार्यों को लेकर उनका गुणगान किया। डोईवाला स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में स्व. हरज्ञान चंद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. मांगेराम अग्रवाल की 21वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि स्व. मांगेराम अग्रवाल दिव्य विभूति राष्ट्रभक्त थे, जो भारत माता की साधना में अनवरत लगे रहे।उन्होंने कहा कि शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कार के लिए उन्होंने डोईवाला में अपने पिता स्व. हरज्ञान चंद अग्रवाल की स्मृति में विद्यालय के लिए अपनी भूमि दान देकर उस पर कक्ष का निर्माण करवाया। केवल डोईवाला में ही नहीं अपितु भानियावाला, थानो, भोगपुर, बुल्लावाला और दूधली में भी सरस्वती शिशु मंदिरों की स्थापना करवाई। आज यही विद्यालय हाईस्कूल और इंटर कॉलेज का स्वरूप ले चुके हैं। दयानंद आश्रम के महंत स्वामी साक्षात्कृर्तानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि स्व. मांगेराम विद्यालय के लिए जमीन ना देते तो आज निर्धन बच्चे शिक्षा नहीं ले पाते। वास्तव में मांगे राम ने एक मंदिर की स्थापना की। आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि हरियाणा में जन्मे स्व. मांगेराम ने डोईवाला में अपनी पढ़ाई की। वे बाल्यकाल में ही संघ से जुड़ गए। यहीं से राष्ट्र निर्माण के पथ पर चल पड़े। वर्ष 1989 में सम्पूर्ण देश में संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की जन्मशताब्दी का वर्ष था। उस समय स्व. मांगेराम के अथक प्रयास से डॉ. हेडगेवार के नाम से डोईवाला में केशव बस्ती बसाई गई, जिसमें स्कूल, सड़क, खेड़ा, संस्कार केंद्र का निर्माण करवाया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल ने कहा कि स्व. मांगे राम समरस्ता के प्रत्यक्ष ऐसे उदाहरण हैं, जो कहते थे इस धरा पर कोई ऊंच– नहीं सब इंसान बराबर हैं। जाति के आधार पर कोई भेद–भाव या छुआछूत नहीं होनी चाहिए।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को नवाजा

कार्यक्रम में योग एवं नाड़ी वैद्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले डॉ. लक्ष्मी नारायण जोशी, डॉ. निशि भट्ट, सामाजिक क्षेत्र के लिए विक्रम सिंह पुंडीर, शिक्षा के क्षेत्र के लिए डॉ. अंजली वर्मा, 133 बार रक्तदान करने वाले राजेंद्र बिष्ट, स्वास्थ्य क्षेत्र में डा. प्रनीति दास, आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार के लिए ममता ममगाईं, निशुल्क कोचिंग सेंटर के लिए विशाल भट्ट, स्वच्छ भारत अभियान के लिए अक्षय त्रिवेदी, खेलकूद के लिए सरदार हरविंद्र सिंह, उत्तराखंड इंटर बोर्ड में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर हरिशचंद्र बिजल्वाण, हरज्ञान चंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हाई स्कूल में प्रथम स्थान लाने वाले अमित बिष्ट, इंटर में प्रथम रहे अमर सिंह को केंद्रीय मंत्री ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्व. मांगेराम की स्मृति में पौधे रोपे

कार्यक्रम के तहत वेडिंग प्वाइंट के समीप समाजसेवी स्व. मांगेराम अग्रवाल की पुण्यतिथि पर पौधे रोपे गए। वक्ताओं के कहा कि प्रत्येक यादगार पल में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।

यह रहे उपस्थितः कार्यक्रम में स्व. मांगेराम की पत्नी धर्मो देवी, सुपुत्र ईश्वर चंद, सुपौत्र अभिषेक, पीयूष, अर्श, गगन नारंग, स्व. हरज्ञान चंद अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डोईवाला के संयोजक रोशन लाल, अध्यक्ष ईश्वर चंद अग्रवाल, प्रधानाचार्य महेश चंद गुप्ता, राजपाल ठाकुर, रमेश गुप्ता, देवदत्त शर्मा, समा पंवार, सोनी रावत, मानवेन्द्र कंडारी, विजेंद्र मोंगा, वीके बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com